रोवर्स-रेंजर्स वार्षिक रिपोर्ट

महाविद्यालय का नाम: हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज
रोवर्स इकाई का नाम: हेमवती नंदन रोवर्स क्रू
रेंजर्स इकाई का नाम: हेमवती नंदन रेंजर्स टीम

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का वरिष्ठ विंग, रोवर्स एवं रेंजर्स, 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के नियमित कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक एवं शैक्षिक आंदोलन है। इसका प्रमुख उद्देश्य युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास में योगदान देना है ताकि वे आदर्श, जिम्मेदार एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिक बन सकें। हमारे महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स इकाई वर्षभर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु सक्रिय रूप से कार्यरत रही है।

सत्र 2025-2026:

कुल सदस्य: 48 (20 रोवर्स, 28 रेंजर्स) **रोवर लीडर:** शनि विश्वकर्मा **रेंजर लीडर:** तनुश्री तिवारी

प्रमुख गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण शिविर:

सत्र 2024-25 में 02 अप्रैल से 06 अप्रैल 2025 तथा सत्र 2025-26 में 23 सितम्बर से 27 सितम्बर 2025 तक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्काउटिंग के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्राथमिक चिकित्सा, गाँठ बाँधना, टेंट निर्माण आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जागरूकता रैलियाँ एवं सामाजिक सेवा:

- महाविद्यालय में आयोजित रैली, योग दिवस ,स्वतंत्रता दिवस , गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों आदि में रोवर्स रेंजर्स ने भाग लिया।
- **स्वच्छता अभियान:** जिला स्तरीय स्वच्छता रैली में सक्रिय सहभागिता।
- **मतदाता जागरूकता अभियान:** निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सहयोग।
- **रक्तदान शिविर:** महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में रोवर्स द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान।

सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियाँ:

- **पौधरोपण कार्यक्रम:** 20 जुलाई 2024 एवं 09 जुलाई 2025 को परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया।
- **सांस्कृतिक कार्यक्रम:** विभिन्न महाविद्यालयीय आयोजनों (NAAC-2023)एवं प्रशिक्षण शिविरों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई।

विशेष उपलब्धियाँ:

- प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जु भैया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज में 25 सितंबर 2023 को आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष हमारे रोवर्स रेंजर्स को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और इनका कार्यक्रम हुआ।
- प्रो० राजेंद्र सिंह (रज्जु भैया) राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज में आयोजित समागम कार्यक्रम 2023-2024 में रोवर रेंजर प्रभारी के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय की हेमवती नंदन रेंजर्स टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि महाविद्यालय के हेमवती नंदन रोवर्स-रेंजर्स इकाई को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल १६ मेडल प्राप्त हुए।
- 21 अगस्त 2025 को भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन के सहयोग से महाविद्यालय में एनीमेशन एवं वेब डेवलपर कोर्स विषय पर संगोष्ठी का आयोजन
- 07 नवंबर 2025 को भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन
- महाविद्यालय की इकाई के रोवर/रेंजर ने भारत स्काउट गाइड 19th राष्ट्रीय जंबोरी 23-29 नवंबर 2025 शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।
- आठ सदस्यों को राष्ट्रीय जम्बूरी प्रमाणपत्र प्राप्त हुए।

विगत सत्रो में हेमवती नंदन रोवर्स रेंजर्स इकाई ने महाविद्यालय एवं समाज दोनों स्तरों पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ है।

प्रस्तुतकर्ता
डॉ मीनाक्षी राठौर एवं डॉ राजेश कुमार यादव
रोवर्स-रेंजर्स इकाई
हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज